कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं.1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 500 009.
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS.
NO.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD - 500 009.
दूरभाष/Telephone : 040-27843385 फैक्स / Fax: 040-27817275

परिपत्र

सं. प्रशा/II/5511/छुट्टी/2015 दिनांक : 09.01.2015

सेवा में

1. प्रभारी अधिकारी (सभी अधीनस्थ कार्यालय - मानक सूची के अनुसार)
2. प्रभारी अधिकारी (मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग)

विषय : छुट्टी की नियमीकरण के संबंध में ।

*****

हाल के दिनों में अधोहस्ताक्षरी द्वारा चिकित्सा आधार पर एवं निजी कारणों से अनुपस्थिति की अवधि के नियमीकरण के मामलों में निम्नांकित विसंगतियाँ पाई गई है :-

1. मुख्य कार्यालय के प्रशासन-II अनुभाग को भेजने से पहले संबंधित अनुभाग/कार्यालय चिकित्सा आधार पर एवं निजी कारणों से अनुपस्थिति की अवधि के लिए दिए गए आवेदनों की ठीक प्रकार से जाँच नहीं करते हैं ।

2. चिकित्सा प्रमाण-पत्र/स्वस्थता प्रमाण-पत्र को निर्धारित फार्म/प्रपत्र में प्रस्तुत नहीं किया जाता है ।

3. प्रमाण-पत्र में दी गई स्वस्थता की तारीख और ड्यूटी पर रिपोर्ट करने की तारीख अलग-अलग होती है। यदि शनिवार/रविवार और सरकारी अवकाश स्वस्थता की तारीख और ड्यूटी पर रिपोर्ट करने की तारीख के बीच आएं तो उसे छुट्टी के आवेदन में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना चाहिए ।

4. चिकित्सा प्रमाण-पत्र/स्वस्थता प्रमाण-पत्र में संशोधन/उपरिलेखन को डॉक्टर द्वारा सत्यापित नहीं किया जाता है ।

5. छुट्टी के आवेदन में और ड्यूटी पर रिपोर्ट करने पर आवेदन में तारीख नहीं लिखी जाती है । अनुपस्थिति की अवधि के नियमीकरण के लिए छुट्टी के स्वरूप को भी स्पष्ट रूप से अंकित नहीं किया जाता है ।

6. आवेदन के प्रेषण के समय, ड्यूटी पर रिपोर्ट करने के विवरण और संबंधित अधिकारी की सिफारिशें भी लुप्त रहती हैं ।

उपरोक्त आवश्यकता को नोट करें और भविष्य में सख्त अनुपालन सुनिश्चित करें ।

कृपया पावती दें ।

बाल जवाहर

(बी. बाल जवाहर)
रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)